सार-समाचार

पर्यावरण जन चेतना रैली निकाली

सीकर ,(निसं) । राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा द्वारा आयोजित द्वितीय तृतीय सोपान टोली नायक रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाइड के द्वारा जन चैतला रैली निकाली गई जिसको हरी झंडी बसंत कुमार लाटा सीओ स्काउट सीकर, किशनलाल सियाक, मनोहर लाल, रामनिवास, अमिताब धोबी, सहायक सचिव स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा वह अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुरजल माता मंदिर पहुंचकर वहां पर दर्शन किए फिर लाल दास बगीची पर पहुंच कर पकोड़ा जोहड़ा का निरीक्षण किया। तालाब के चारों ओर तथा गौशाला में श्रमदान कार्य किया तत्पश्चात रैली गांव के मुख्य चौक होते हुए वापस शिविर स्थल पर पहुंची । शिविर में अनुमान लगाना, ध्वज शिष्टाचार, लॉग बुक बनाना, दक्षता बैजो की जानकारी, अलिताब धोबी के द्वारा दी गई,तृतीय सोपान की गांठे प्राथमिक सहायता अनुमान लगाना आदि का प्रशिक्षण रोशन डेबानिया और इरशाद के द्वारा दिया गया। निदेशक आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय कोलीड़ा के सुल्तान सिंह के आतिथ्य में स्काउट गाइड्स ने विभिन्न हास्य, देशभक्ति और रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई । इस अवसर पर केशर देव, उर्मिला देवी ,संजू मौर्य, प्रेम पावड़िया, मनोहर लाल, इमरान ,आदिल, विनोद कुमार पाटोदिया, योगेश चौधरी मोहित चौधरी ,मोहित मील, मोहनलाल सुखाड़िया, राधेश्याम शर्मा ,तेज प्रकाश शर्मा ,रामपाल ,सौरभ जांगिड़, महेंद्र सिंह ,रामचंद्र मील ,महेश भींचर, सीता देवी व स्काउट गाइड, रोवर रेंजर उपस्थित थे

यात्रा की तैयारी में जूटा भगवा रक्षा वाहिनी

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । शेखावाटी अंचल में समरस सनातन यात्रा क्षेत्र के गांवों, ढाणियों व मौहल्लों में पहुंचेंगी। यात्रा का शुभारंभ सालासर से होगा जबकि सीकर में समापन होगा। बुद्धिगरी मंडी के महंत दिनेश गिरी महाराज सहित संतों के सानिध्य में आयोजित होने वाली समरस सनातन यात्रा 20 दिसंबर को लक्षमनगढ पहुंचेंगी। यात्रा की अगवानी, व्यवस्था व सफलता के लिए भगवा रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी सदस्य तैयारी में जूटा है ।यह जानकारी देते हुए वाहिनी के अध्यक्ष जयशंकर पुजारी ने बताया कि तैयारी के लिए कार्यकर्ता जल्द ही महाराज से मिलकर लक्षमनगढ की यात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा परिचर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वाहिनी के ताराचंद ठेकेदार, विक्रम सिंह तंवर, राजेश जोशी, राकेश सेन, प्रमोद सैनी, विनोद पाराशर,बिल्लू सेन, शशि पारीक, गिरधारी लाल जाजोदिया सहित पदाधिकारी सदस्यों ने मीटिंग आयोजित कर महाराज से मिलने का निर्णय लिया। तथा महाराज श्री के सानिध्य में जल्द ही लक्षमनगढ में सनातनी बंधुओं को मीटिंग आयोजित की जाएगी

ढिंढालिया तहसील अध्यक्ष मनोनित

सादुलपुर, (निसं)। विप्र फाउंडेशन राजगढ तहसील इकाई की शहरी कार्यकारी की घोषणा रविवार को की गई। विप्र फाउंडेशन जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश जोशी ने बताया कि विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा के आदेश पर विप्र फाउंडेशन चूरू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अनुशंसा पर राजगढ तहसील अध्यक्ष नीरज ढिंढालिया ने विप्र फाउंडेशन की राजगढ शहर की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश जोशी ने बताया कि तहसील उपाध्यक्ष के रूप में गोविंद भोजक, कमल शर्मा, मनीष डोरवाल, अनुज शर्मा, तहसील मीडिया के रूप में जयराम आचार्य, तहसील महामंत्री हरीश पारीक को नियुक्त किया गया है। साथ ही अभिजीत पारीक रविकर्णदत्त शर्मा, ललित शर्मा को तहसील मंत्री बनाया गया है। शहर तहसील अध्यक्ष नीरज ने यह घोषणा यह नियुक्तियां रविवार 24 नवंबर को की है तथा विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

गीता क्लासेज में उमड़ी बच्चों की भीड़

चूरू, (का.सं.)। प्रत्येक रविवार की तरह इस बार भी गीता क्लासेस भास्कर घर में ही लगाई गई। कार्यक्रम का शुंभारम्भ श्याम भोजक ने धर्मपत्नी के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। जनार्दन आचार्य ने बच्चों को अच्छे खान.पान के नुकसान और फायदे बताये। गीता क्लास में पांच श्लोक प्रार्थना 12 अध्याय का पाठ व कीर्तन कराया। इसके बाद बच्चों व हरिकिश, रवि शर्मा, आचार्य, संजय सिंघानिया, पारुल खेमका ने बच्चों को गीता भेंट की। हर्षित सोनी, मोहित सिंघानिया, प्रमोद गौड़, माधुरी शर्मा, पूनम शर्मा और प्रियंका शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि बच्चों को किस तरह फास्ट फूड से परहेज करते हुए घर का बना नाश्ता व अन्य मिठाई के फायदे के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया। सूरत से आई कृष्णा देवी ने प्रोग्राम को देखकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह प्रोग्राम लगातार चलना चाहिए और बच्चे आगे बढ़ें। जिससे उनमें अच्छे संस्कार पैदा होवें।

सीपी स्टार टैलेंट हंट परीक्षा आयोजित

झुंझुनूं,(निसं)। डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल और करियर पॉइंट में सीपी स्टार टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और अपनी ज्ञान वर्धक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सीपी स्टार टैलेंट हंट परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच शैक्षिक प्रतिस्पर्धा को बढावा देना और उनके छिपे हुए कौशल को उजागर करना है। ताकि वे अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित हो सके। इस परीक्षा के माध्यम से छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसर और बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होता है। जो उनकी सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके साथ ही, प्रधानचार्य द्वारा यह भी आश्वासन दिया कि सफलता हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। सीपी स्टार टैलेंट हंट परीक्षा ने छात्रों को एक शानदार मंच प्रदान किया। जहां वे अपनी क्षमता को साबित कर सकें। इस आयोजन ने शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीदों का संचार किया और छात्रों को आने वाले अवसरों के लिए तैयार किया।

दुकानदार से मारपीट मुकदमा दर्ज

रतनगढ़,(निसं)। एक दुकानदार ने दो लोगों के खिलाफ शनिवार को मारपीट करने का मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि मनीष (32) पुत्र बाबूलाल प्रजापत निवासी रतनगढ़ ने रिपोर्ट दी कि वार्ड संख्या 34 में रमा फैंसी स्टोर के नाम से वह दुकान संचालित करता है। 22 नवंबर को चाचा हरिप्रसाद व उसका लड़का ललित उसके पास आया और लाठी से मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

झुंझुनूं,(निसं)। सीनियर एडवोकेट भारत सरकार संजय महला ने सपत्नीक झुंझुनूं के श्याम बाबा मंदिर देलसर धाम में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना श्याम प्रभु से की । देलसर धाम के मंहत श्याम भक्त रोशनदास ने सीनियर एडवोकेट संजय महला को साफा, श्याम प्रभु का दुपट्टा पहनाकर कर स्वागत किया साथ में उनकी धर्मपत्नी एडवोकेट सुनीता महला को भी श्याम प्रभु का दुपट्टा पहनाकर कर स्वागत किया गया। एडवोकेट महला ने मंदिर प्रांगण का दर्शन लाभ कर मंहत रोशनदास द्वारा संचालित गौशाला का भी अवलोकन की और कहा कि गौवंश की सेवा ही सबसे उत्तम धर्म है हमें गौवंश को बचाने के लिए सार्थक प्रयास करने चाहिए। गौशाला में गौवंश की जो सेवा हो रही है उससे महला बहुत ही प्रभावित हुए, विदित हो एडवोकेट संजय महला देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर झुंझुनूं के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू के चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनूं दौरे पर आये हुए थे। उनका पैतृक गांव नया खाजपुर है तथा इस क्षेत्र में उनका काफी प्रभाव भी है ।

आरओबी निर्माण से रेल यातायात 07 दिसम्बर से 23 तक रहेगा प्रभावित

सादुलपुर,(निसं)। सादुलपुर-हिसार खंड के सादुलपुर यार्ड में आरओबी निर्माण के कारण07 दिसंबर से 23 दिसंबर तक ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया गया है। रविवार सुबह 9 बजे मिली जानकारी के अनुसार इसके चलते ट्रेन संख्या04778 हनुमानगढ- सादुलपुर आंशिक रद्द रहेगी। ये ट्रेन07 से 23 दिसंबर तक सुरतपुरा से सादुलपुर के बीच रद्द रहेगी। इसी तरह सनेहवाल-अमृतसर खंड मे लुधियाना स्टेशन रीडेवलपमेंट का काम होने के कारण व यार्ड में ओएचई ब्लॉक होने के कारण ट्रेन संख्या04744 लुधियाना-चूरू आंशिक रदद् रहेगी। यह ट्रेन सात से 23 दिसंबर तक हिसार से चूरू के बीच रद्द रहेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या04745 चूरू-लुधियाना आंशिक रूप से रद्द रहेगी। यह ट्रेन आठ से 24 दिसंबर तक चूरू से हिसार के बीच रद्द रहेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन संख्या05636 गुवाहाटी- श्रीगंगानगर 11 व 18 दिसंबर को जयपुर से सादुलपुर के बीच दो घंटे रेगुलेट रहेगी।

बाढ पूनिया विकास संस्थान राजगढ़ की बैठक आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। बाढ पूनियां विकास संस्थान राजगढ की बैठक संस्थान परिसर में आयोजित हुई। शिक्षक मनोज पूनियां ने रविवार को शाम पांच बजे जारी प्रेस नोट में बताया कि बैठक में भवन निर्माण की रूप रेखा, धन संग्रहण, संपर्क स्थापित करना, सामाजिक कुप्रथाओं को त्यागने, प्रतिभा सम्मान, आगामी माह में राष्ट्रीय बैठक आयोजित करने, कार्यकारणी का विस्तार, अधिकाधिक युवाओं को जोडने, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने आदि पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सर्वजातीय पूनिया महापंचायत अध्यक्ष व बाढ पूनिया विकास संस्थान अध्यक्ष चौधरी भलेराम पूनिया ने की। बैठक में राजगढ व तारानगर के अलावा भादरा, नोहर, हिसार, भिवानी आदि जिलों के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की एवं

बाढ पूनिया संस्थान के आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर मंथन करते पूनियां खांप के गणमान्यजन।

सुझाव दिए। वक्ताओं में कैप्टेन बहादुर सिंह नुहंद, राजेन्द्र कालरी, राजवीर पूनिया, रामनिवास खुड्डी, एडवोकेट महावीर पूनिया, भामाशाह रामकुमार लुटाना, शीशपाल बैरासर, निहाल सिंह, प्रदीप पूनिया व सत्यपाल पूनिया हरपालु आदि थे। बैठक में युवाओं को जागरूक कर दहेज प्रथा, मृत्यु भोज बन्द करने, समाज मे शिक्षा का प्रचार प्रसार, बालिका शिक्षा को बढावा देने तथा समाज की अग्रणी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित करने, ग्राम स्तर पर विभिन्न इकाईयां स्थापित कर दायित्व देने, तहसील व जिलों में संगठन बनाकर फिर विभिन्न राज्यों में निवास कर रहे। पूनिया भाइयों से सम्पर्क कर राष्ट्रीय बैठक का आयोजन करने पर सहमति बनी। बनवारीलाल पूनिया पुत्र

- **बैठक में भवन निर्माण की रूप रेखा, धन संग्रहण, संपर्क स्थापित करना, सामाजिक कुप्रथाओं को त्यागने, प्रतिभा सम्मान, आगामी माह में राष्ट्रीय बैठक आयोजित करने, कार्यकारणी का विस्तार, अधिकाधिक युवाओं को जोडने, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने आदि पर चर्चा हुइ**

रामजीलाल भादरा ने अपनी तरफ से दादा बाढ देव की विशाल आदमकद मूर्ति लगवाने की घोषणा की। विभिन्न भामाशाहों ने अपने अपने स्तर पर एक एक कमरा बनवाने की घोषणा मौके पर ही की। इस मौके पर सूबेदार महासिंह, करण सिंह, सुल्तान पूनिया बैजुवा, जैस राम, वीर सिंह गुलपुरा, मनोज पूनिया, नन्दलाल भामासी, सुमेर पूनिया, शीशराम बघेला, करण सिंह, राजपाल सिंह, सूबेदार राजपाल पूनिया, नरसिंह अध्यापक, दयानन्द पूनिया, रामप्रताप लुदी झाबर, निहाल सिंह, रामकिशन, विनोद पूनिया, उमराव, दिनेश पूनिया, अधिवक्ता चरण सिंह, एडवोकेट विजय बिसलानियाँ, एडवोकेट ओम प्रकाश कालरी, जगत सिंह, उमराव सिंह बेवड, दलिप बैरासर, पूनियों के बही भाट जागा गोरधन राव व जागा कैलाश राव मौजूद थे। चौधरी भलेराम पूनिया ने कार्यकारिणी विस्तार, दायित्व बोद्ध, एकीकरण व भाईचारा स्थापित करवाने, अन्य समाजों से सामाजिक समरसता स्थापित करने आदि पर बल दिया।

सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (नि.सं.)। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन शनिवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय विज्ञान महाविद्यालय सीकर में एसोसिएट प्रोफेसर व राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ महेंद्र कुमार, डॉ चेतन कुमार जोशी, मनोज, महाविद्यालय सचिव आशकरण शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद शर्मा व घनश्याम वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई।

तत्पश्चात स्वागत गीत व माल्यार्पण द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ आनंद शर्मा द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर इस दौरान आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियों जैसे श्रमदान, प्रभात फेरी, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान माला के विभिन्न विषयों, विभिन्न प्रतियोगिताओं, भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ महेंद्र कुमार ने स्वयंसेवकों से रूबरू होते हुए स्वयंसेवकों के राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में ज्ञान तथा अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर के एनआईसी कैम्प में चयनित कुल दोसौ स्वंयसेवको में दो स्वंयसेवक श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय से चयनित होना अपने आप में एक मिसाल है। साथ ही स्वंयसेवको को विभिन्न राष्ट्र स्तरीय शिविरों से अवगत करवाते हुए अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने हेतु प्रेरित किया। डॉ चेतन कुमार जोशी ने भी शिविर की गतिविधियों को देखकर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों द्वारा स्वतरूही कार्यक्रम की एंकरिंग, ख़ाना बनाना, परोसना, बहुत कम अनुशासन बनाए रखना आदि बहुत ही कम जगह देखने को मिलता है साथ ही सभी स्वयंसेवकों को आगे बढ़ने में अपने से सम्बंधित हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। महाविद्यालय सचिव आशकरण शर्मा ने भी ही स्वंयसेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाते हुए जीवन को उन्नत बनाने हेतु प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री के नाम पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगें

झुंझुनूं,(निसं)। एमएसपी पर फसलों की खरीद का गारंटी कानून बनाने, सभी फसलों के लिए कानूनी रूप से न्यूनतम समर्थन मूल्य सी.2 प्लस 50 प्रतिशत लाभ के फॉर्मूले से लागू करने, चार श्रम संहिताओं को वापिस लेने, ठेकाकरण और आउटसोर्सिंग समाप्त करने, सभी के लिए रोजगार उपलब्ध करवाने, सभी श्रमिकों व गरीब किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा के लिए दस हजार रूपए मासिक पेंशन देने, संगठित, असंगठित, स्कीम वर्कर्स, अनुबंध श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपए प्रतिमाह करने, आत्महत्याएं रोकने के लिए किसानों व श्रमिकों के कर्जे माफ करने, सिंचाई के लिए झुंझुनूं जिले में यमुना नहर का पानी लाने आदि 15 मांगों को लेकर 26 नवंबर को राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत संयुक्त किसान मोर्चा के घटक संगठन अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा, राजस्थान किसान सभा व जय किसान आंदोलन तथा ट्रेड यूनियनों की समन्वय समिति के ट्रेड यूनियन एटक, एक्टू व सीटू जिला कलेक्ट्रेट पर धरना देंगे।

कांग्रेस की करारी हार के बाद मुस्लिम न्याय मंच ने बिरादरी का आभार जताया

झुंझुनूं,(निसं)। रविवार को जिला मुख्यालय स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में मुस्लिम न्याय मंच द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मंच के संयोजक इमरान बडगुजर ने बताया कि झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में मुस्लिम समाज ने जो हमारी बात रखी उसके लिए तमाम मुस्लिम मंच के पधाधिकारी और हम सब मुस्लिम समाज के अहसान मंद रहेंगे । उन्होंने कहा कि हम ने 11 अक्टूबर को व 28 अक्टूबर 2024 को दो मुस्लिम महापंचायत कर फैसला लिया था कि जब तक टिकट नहीं तब तक वोट नहीं , हम हमेशा से कांग्रेस के सिपाही रहे है, हम कांग्रेस कि विचारधारा के लोग रहे है लेकिन मुस्लिम समुदाय को टिकट नहीं देकर कांग्रेस पार्टी ने हमारे साथ धोखा किया है। इमरान बडगुजर ने बमाया की उस वक्त हमनें तमाम लोगों को कहा कि जब तक मुस्लिम चेहरे को टिकट नही मिलेगी तब तक हम लोग कांग्रेस को वोट नहीं देंगे और हमारे छोटे से आ ान पर तमाम मुस्लिम बिरादरी ने एक स्वर

- **मुस्लिम चेहरे को टिकट नहीं तो वोट नहीं को लेकर मुस्लिम न्याय मंच ने कांग्रेस पार्टी का विरोध भी जताया**

में और कांग्रेस के खिलाफ वोट डाला और 23 नवंबर को घोषित हुए उप चुनाव के परिणामों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पडा । इस मौके पर मंच के संयोजक इमरान बडगुजर ने पूरे मुस्लिम समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा की मुस्लिम न्याय मंच शीघ्र ही शेखावाटी कि मंडावा, नवलगढ, फतेहपुर लक्षमणगढ, ,चुरू, बिसाऊ, सरदारशहर, सीकर, सुजानगढ,रतनगढ, , राजगढ जैसे विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी और जहां मुस्लिम समाज कि राजनैतिक अनदेखी हो रही है और मुस्लिम समाज में ये मंच राजनैतिक भागेदारी और सामाजिक भागेदारी व समाज में शिक्षा, तालीम को लेकर बेदारी के कार्यक्रम चलाएगी और इनके विशाल कार्यक्रम किएं जायेंगे और उन्होंने बताया कि बहुत शीघ्र ही पूरे राजस्थान कि 200 विधानसभा क्षेत्र से लोगों को बुलाकर प्रदेश स्तर पर जयपुर में एक बडा आयोजन भी किया जायेगा। मुस्लिम न्याय मंच के सह संयोजक उस्मान अली पठान ने बताया कि आने वाले नगर परिषद् व् पंचायती राज चुनाव में मुस्लिम न्याय मंच अब अहम भूमिका निभाएगा। जहां मुस्लिम समाज कि अनदेखी होगी वहा मुस्लिम न्याय मंच समाज व लोगों के साथ मिलकर अपने प्रत्याशी को चुनाव में उतारेगा। समाजसेवी खादिम खोखर ने बताया कि आगामी दिनों में जल्द ही मुस्लिम न्याय मंच अपनी कार्यकराणि का विस्तार करेगा और शेखावाटी संभाग में सभी जगह मंच के सदस्य बनाएगा। इस अवसर पर केप्टन रफीक खान, रफीक चोपदार, पार्षद जब्बार फुल्का, ओसामा सयैद, इस्तियाक कुरैशी, एजाज खान सहित न्याय मंच के सभी सदस्य मौजूद थें।

पशुपालकों को 1962 एप के जरिए मिलेगी विभागीय योजनाओं की जानकारी

सीकर , (निसं)मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए जन उपयोगी सेवाओं को आसान बनाया जा रहा है। योजनाओं में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने से सेवाएं त्वरित, पारदर्शी और सुलभ होती हैं। यह नागरिकों को सरकारी लाभों तक ऑनलाइन माध्यम से आसानी से पहुंचने में मदद करता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है और पारदर्शिता बढ़ती है। समय और धन की बचत के साथ-साथ प्रक्रियाएं सरल होती हैं, जिससे योजनाओं का प्रभाव अधिक व्यापक और समान रूप से महसूस किया जा सकता है।

शासन सचिव पशुपालन, डॉ समित शर्मा ने कहा है कि पशुओं का चिन्हीकरण, टीकाकरण, प्रजनन, पोषण तथा बीमारियों के उपचार और मोबाइल वेटरिनरी यूनिट सेवा को एकीकृत प्लेटफार्म पर संपादित किया जाएगा।

इस विषय पर चर्चा करने के लिए शर्माकी अध्यक्षता में भारत सरकार के नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन के प्रतिनिधियों के साथ पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक सचिवालय में आयोजित की गई। इस चर्चा में बीआईएफएल (मोबाइल वेटरिनरी यूनिट तथा कॉल

- **मोबाइल वेटरनरी यूनिट सेवा को एकीकृत प्लेटफार्म पर संपादित करने की तैयारी, पशुपालकों को मिलेगी राहत**

सेंटर सेवा प्रदाता) के प्रतिनिधि भी ऑनलाइन शामिल हुए। डॉ. शर्मा ने बीआईएफएल को निर्देश दिए कि वे टेलीमेडिसिन, व्हाट्सअप और चैटबोट का उपयोग 1962 कॉल सेंटर पर करें। उन्होंने निदेशक पशुपालन को निर्देश दिए कि विभाग के अधिकारियों को भारत पशुधन एप की अधिक जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक कराई जाए जिसकी अनुपालना में बैठक के बाद पशुधन भवन में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के अधिकारियों ने पशुधन एप से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान किया।

पशुओं के उपचार के लिए ई-दवा पर्ची का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए जयपुर में आयोजित बैठक में डॉ. शर्मा ने निर्देश दिया कि "1962" एप अधिक से अधिक पशुपालकों से डाउनलोड करवाया जाए ताकि वे विभागीय योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकें और अपने पशुओं के बारे में भी जानकारियां ले सकें। उन्होंने कृषि विभाग के अंतर्गत बने किसानों के व्हाट्सअप ग्रुप पर 1962 एप डाउनलोड करने के निर्देश दिए। इस एप के माध्यम से पशुपालक अपने पशुओं के उपचार के लिए सीधे ही कॉल सेंटर पर कॉल कर सकेगा। उन्होंने कहा कि पशुओं के टैग नंबर को उनका आधार नंबर माना जाए और उसी नंबर से उनका रजिस्ट्रेशन 1962 एप पर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि भारत पशुधन एप के एनिमल हेल्थ मॉड्यूल को जल्द से जल्द लागू करने के। लिए योजनाबद्ध रूप से पसे आवश्यक तैयारी की जाए। इस संबंध में पशु चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश भी डॉ. शर्मा ने दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पशुओं के उपचार के लिए ई-दवा पर्ची का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। भारत पशुधन एप के नॉलेज सेंटर पर उपलब्ध जानकारियों को साझा करने के लिए आई गॉट कर्मयोगी प्लेटफार्म का उपयोग किया जाना चाहिए।

'व्यक्ति के जीवन पर संगत का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है'

चूरू, (का.सं.)। व्यक्ति के जीवन पर संगत का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। अच्छी संगत में रहेगा तो वह अच्छी बातें सीखेगा और बुरी संगत में रहेगा तो बुरी बातें धारण करेगा। इसलिए अच्छी तरह से सोच.विचार कर संगत करनी चाहिए। कुसंग का हमेशा त्याज्य करना चाहिए। ये विचार भामाशाह व समाजसेवी बनवारीलाल सोती ने जिला कारागृह में बंदियों को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इसी अवसर पर विषिष्ट अतिथि नगर परिषद के पूर्व सभापति समाजसेवी रामगोपाल बहड़ ने कहा कि हम जैसे कर्म करते हैं उसके अनुसार हमें फल मिलते है। पूर्व जन्म में हमने जो अच्छे.बुरे कर्म किए थे। उनका फल हमें इस जन्म में मिल रहा है और इस जन्म में जो कर्म करेंगे उनका फल हमें अगले जन्म में मिलेगा। शिक्षाविद ओमप्रकाष तंवर जेल में बन्दियों की दिनचर्या के बारे में बताते हुए कहा कि अधिकांष बन्दी की सुबह योग.प्राणायाम व भजन कीर्तन से आरम्भ होती है। बन्दी फुर्सत में पुस्तकें पढ़ते हैं और पढ़ी हुई बातों की चर्चा करते हैं। असाक्षर बन्दी साक्षरता की कक्षा में बैठकर अक्षरज्ञान ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम में महिला बन्दियों ने वाद्य यन्त्रों के साथ मधुर स्वर में भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को संगीतमय बना दिया।

'वंशवाद झुंझुनूं में कांग्रेस की हार का कारण बना'

झुंझुनूं,(निसं)। झुंझुनूं के उप चुनावों में शनिवार को घोषित हुए परिणामों में झुंझुनूं की जनता ने दिग्गज नेता रहे शीशराम ओला की तीसरी पीढी को नकार दिया है। कांग्रेस पार्टी से अपने पहले ही चुनाव में चिडावा पंचायत समिति सदस्य अमित ओला को करारी हार का सामना करना पडा। चुनाव परिणाम में जहां अमित ओला को 47 हजार 577 वोट मिले। तब उनके 26.5० प्रतिशत वोट आए थे। लेकिन उस समय खेतडी विधानसभा सीट से दो विधायक चुनकर जाते थे। शीशराम ओला ने भी उस वक्त जीत दर्ज की थी।

मुस्लिम वोटर्स की नाराजगी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा का निर्दलीय चुनाव लडना, बडे नेताओं की प्रचार से दूरी और वंशवाद कांग्रेस की हार का कारण बना - राजनैतिक विश्लेषकों की मानें तो इस बार झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के अमित ओला को मुस्लिम वोटर्स की नाराजगी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा का निर्दलीय चुनाव लडना, बडे नेताओं की प्रचार से दूरी और वंशवाद के हो-हल्ला का सामना करना पडा और यही कांग्रेस की हार के मुख्य कारण रहे।

डोटासरा बोले, नेताओं को बुलाया नहीं, झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र ओला अपनी जीत को लेकर आश्वस्त थे - इधर, चुनाव हारने के बाद जयपुर में हुई प्रेस वार्ता में पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा ने खुलकर तो कुछ नहीं कहा। लेकिन इशारों इशारों में जरूर कह दिया कि झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र ओला अपनी जीत को लेकर आश्वस्त थे। इसलिए उन्होंने किसी भी नेता को प्रचार के लिए नहीं बुलाया। इस प्रेस वार्ता में एक पत्रकार द्वारा झुंझुनूं को लेकर किए गए सवाल पर बोलते हुए गोविंद डोटासरा ने कहा कि कंडीडेट तय कर देते है उसके बाद उस कंडीडेट और वहां जो इकाई काम करती है। उसकी जो भी डिमांड होती है। किसी भी नेता को बुलाने की। मैनेजमेंट की। तो उसके उपर काम किया जाता है। तो मैं समझता हूं। उन्होंने यहां जब आए थे। ओला साहब खुद भी थे और सब लोग थे संगठन के। उस वक्त वे पूरी तरह आश्वस्त थे। लेकिन मैं समझता हूं कहीं ना कहीं कोई कमी रही है। उसे हम लोग देखेंगे। समझेंगे। वहां पर जो भी हमारी टीमें लगाई हुई है। उन टीमों से हम रिपोर्ट लेंगे। जो आब्जरर्वर हमने लगाए थे। उनसे हम रिर्पोट लेंगे और उसके बाद में उसको कैसे ठीक किया जा सकता है। उसको हम देखेंगे। उन्होंने कहा कि देवली उनियारा और झुंझुनूं में जो हार हुई है। वो चिंता का विषय है। जिस पर मनन करेंगे और मंथन भी करेंगे।

उप चुनाव में भाजपा की जीत पर पदाधिकारियों ने मनाई खुशी

चूरू, (का.सं.)। पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक हरलाल सहारण के नेतृत्व में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव व राजस्थान सहित अनेक राज्यों के उपचुनावो में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने पर आतिशबाजी व एक दुसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी मनाई।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के विजन की जीत है। जिस प्रकार राजस्थान में उप चुनावो में भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगो ने विश्वास जताया है । उससे लगता है कि आम जनता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकास के मॉडल को स्वीकृति दी है। उन्होने कहा कि राजस्थान के इन उप चुनाव के

विधायक हरलाल सहारण ने उप चुनाव में भाजपा की जीत पर एक दूसरे का मुंह मीङ्गा करवाकर खुशी मनाई।

परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश सरकार जिस प्रकार प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए कार्य कर रही है। उसमें जनता ने अपनी स्वीकृति दी है। उन्होने कांग्रेस के गढ़ झुंझनूं में भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचण्ड जनादेश के लिए वहां के मतदाताओं को आभार जताते हुऐ कहा कि पिछले चुनावो में कांग्रेस ने जो झुठे वादे किये थे उन वादो की पोल जनता के सामने खुल गई हैं और जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। झुंझनूं उप चुनाव के ग्रामीण क्षेत्रों का प्रभार उन्हे पार्टी ने सौंपा था। जिस पर ग्रामीण क्षेत्र से भाजपा ने 18 हजार से अधिक की बढ़त लेकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा का प्रभाव वहां के ग्रामीण मतदाताओं में भी बढ रहा है। मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी ने इस विजय को ऐतिहासिक बताते हुऐ कहा कि यह विजय देश के विकास के लिए है और तुष्टिकरण के विरोध में है। देश व प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपना आशीर्वाद दिया है। जिस पर हम सब कार्यकर्ता जनता का आभार व्यक्त करते है। इस अवसर पर पदमसिंह राठौड़, पूर्व प्रधान विक्रम कोटवाद, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, विमला गढ़वाल, मुकेश ओझा, विजय शर्मा, ओमसिंह शेखावत, राजीव लाम्बा, मोहनलाल गढ़वाल, आकाश सैनी, नोमान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अशोक ओहरी को श्रद्धांजलि दी

बीकानेर, (कासं)। क्रिकेट खेल जगत में बीकानेर स